# UP TGT

## Previous Year Paper

### Commerce 2021

# वाणिज्य
# COMMERCE

1. विश्व जनसंख्या में भारत का स्थान है
   (A) पहला (B) दूसरा
   (C) तीसरा (D) पाँचवा

2. संयुक्त जीवन बीमा पालिसी संचय खाते की शेष राशि को हस्तान्तरित किया जाता है
   (A) मृतक साझेदार के व्यक्तिगत खाते में
   (B) शेष साझेदारों के व्यक्तिगत खातों में
   (C) सभी साझेदारों के व्यक्तिगत खातों में
   (D) संयुक्त जीवन बीमा पालिसी खाते में

3. एक साझेदार के अवकाश ग्रहण के समय सम्पत्तियों एवं दायित्त्वों के पुनर्मूल्यांकन पर होने वाले लाभ को क्रेडिट किया जाता है
   (A) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के पूँजी खाते में
   (B) सभी साझेदारों के पुराने लाभ-हानि अनुपात में उनके पूँजी खातों में
   (C) शेष साझेदारों के पूँजी खातों में उनके लाभ-प्राप्ति अनुपात में
   (D) शेष साझेदारों के पूँजी खातों में उनके नये लाभ-हानि अनुपात में

4. ऋणपत्रों के लिये शोधन कोष खाते में प्रतिवर्ष, राशि हस्तान्तरित की जाती है
   (A) संचय खाते से
   (B) लाभ-हानि खाते से
   (C) पूँजी खाते से
   (D) अतिरेक खाते से

1. India's rank in world population is
   (A) First (B) Second
   (C) Third (D) Fifth

2. The balance amount in the Joint Life Insurance Policy Reserve Account is transferred to
   (A) Deceased Partner's Personal Account
   (B) Remaining Partner's Personal Accounts
   (C) All Partner's Personal Accounts
   (D) Joint Life Policy Insurance Account

3. At the time of retirement of a partner profit on revaluation of assets and liabilities is credited to
   (A) Capital Account of retiring partner
   (B) Capital Accounts of all partners in their old profit sharing ratio
   (C) Capital Accounts of remaining partners in their gaining ratio
   (D) Capital Accounts of remaining partners in their new profit sharing ratio

4. In Sinking Fund for redemption of Debentures Account, the amount is transferred every year from
   (A) Reserve Account
   (B) Profit and Loss Account
   (C) Capital Account
   (D) Surplus Account

5. संचयी आवृत्ति वितरण का वह प्रकार, जिसमें वर्गान्तर ऊपर से नीचे क्रम में जोड़े जाते हैं, वर्गीकृत होती है

(A) सीमान्त वितरण

(B) विचरण वितरण

(C) से कम के प्रकार का वितरण

(D) से अधिक के प्रकार का वितरण

6. किराया क्रय पद्धति के अन्तर्गत, प्रत्येक अवधि के लिये ब्याज की गणना की जाती है

(A) भुगतान न हुये रोकड़ शेष के मूल्य पर

(B) भुगतान न हुये किश्त मूल्य के शेष पर

(C) किराया क्रय के अन्तर्गत समझौता की गयी राशि पर

(D) रोकड़ मूल्य में से भुगतान की गयी किराया मूल्य की किश्त घटाकर

7. लेखांकन समीकरण, ''सम्पत्ति = दायित्व + स्वामित्व कोष'', प्रदर्शित होता है

(A) आय विवरण द्वारा

(B) रोकड़ प्रवाह विवरण द्वारा

(C) आर्थिक चिट्ठे द्वारा

(D) कोष प्रवाह विवरण द्वारा

8. नकद विक्री का प्रमाणन करते समय निम्न में से किसे सम्बन्धित प्रमाणक नहीं माना जाता है ?

(A) विक्रय वही

(B) कैश मेमो की प्रति

(C) विक्रेता की संक्षिप्ति

(D) रोकड़िये का सारांश

5. Type of cumulative frequency distribution in which class intervals are added in top to bottom order is classified as

(A) Marginal distribution

(B) Variation distribution

(C) Less than type distribution

(D) More than type distribution

6. Under Hire Purchase System, the interest for each period is computed on

(A) Cash price remaining unpaid

(B) Instalment price remaining unpaid

(C) The amount that has been agreed under hire purchase agreement

(D) Cash price minus the amount of hire purchase instalment paid

7. Accounting equation, "Assets = Liabilities + Owners Equity", is represented through

(A) Income statement

(B) Cash flow statement

(C) Balance Sheet

(D) Funds flow statement

8. Which one of the following is not considered as relevant voucher while vouching cash sales ?

(A) Sales book

(B) Copy of cash memo

(C) Abstract of salesman

(D) Cashier's summaries

9. अपकिरण के माप के लिये सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाता है
(A) विस्तार
(B) प्रमाप विचलन
(C) विचरण गुणांक
(D) चतुर्थक विचलन

10. क्रमबद्ध समंकमाला के केन्द्रीय मूल्य को कहा जाता है
(A) समानान्तर माध्य
(B) भूयिष्ठक
(C) मध्यका
(D) चतुर्थक

11. मानवीय इच्छाओं को मानवीय आवश्यकताओं में परिवर्तित करने की योग्यता कहलाती है
(A) विज्ञापन
(B) प्रचार
(C) विक्रयकला
(D) विक्रय प्रबन्धन

12. दोहरा लेखा प्रणाली के अनुसार एक लिपिक रमेश को भुगतान किया गया वेतन है
(A) वास्तविक लेनदेन
(B) व्यक्तिगत लेनदेन
(C) नाममात्र का लेनदेन
(D) वास्तविक एवं व्यक्तिगत दोनों प्रकार का लेनदेन

13. जहाजी बिल्टी निर्गत की जाती है
(A) जहाजी कम्पनी द्वारा
(B) आयातक के अभिकर्ता द्वारा
(C) जहाज के कप्तान द्वारा
(D) सीमाशुल्क अधिकारी द्वारा

9. The most commonly used measure of dispersion is
(A) Range
(B) Standard deviation
(C) Coefficient of variation
(D) Quartile deviation

10. The central value of a serially arranged series is known as
(A) Arithmetical mean
(B) Mode
(C) Median
(D) Quartile

11. The ability to change human needs into human wants is called
(A) Advertisement
(B) Publicity
(C) Salesmanship
(D) Sales management

12. According to the Double Entry System, salary paid to a clerk Ramesh is a
(A) Real Transaction
(B) Personal Transaction
(C) Nominal Transaction
(D) Both Real and Personal Transaction

13. Bill of Lading is issued by
(A) Shipping company
(B) Agent of the importer
(C) Captain of the ship
(D) Custom officer

14. प्रत्येक प्रमाणक पर हस्ताक्षर होने चाहिए

(A) लेखाधिकारी के

(B) लेखाकार के

(C) प्रबन्धक के

(D) उत्तरदायी अधिकारी के

15. एक सिनेमा हॉल में बैठने की क्षमता बढ़ाने पर हुआ खर्च कहलाता है

(A) व्यक्तिगत व्यय

(B) नाम मात्र व्यय

(C) पूँजीगत व्यय

(D) आयगत व्यय

16. तकनीकी कौशल सबसे आवश्यक है

(A) प्रथम पंक्ति के प्रबन्धकों के लिए

(B) मध्य स्तर के प्रबन्धकों के लिए

(C) उत्पादन प्रबन्धकों के लिए

(D) शीर्ष स्तरीय प्रबन्धकों के लिए

17. किस प्रकार के अनुबन्ध के अन्तर्गत अधिकार शुल्क का भुगतान बिक्री के आधार पर किया जाता है ?

(A) खनन

(B) एकस्व

(C) मुद्रण अधिकार

(D) लाइसेन्सिंग

18. फ्रैंको बीजक में सम्मिलित है

(A) क्रेता के घर तक माल पहुँचाने की कुल लागत

(B) लागत, बीमा एवं भाड़ा

(C) रेलवे स्टेशन तक की कुल लागत

(D) रेलवे वैगन में लदाई तक की कुल लागत

14. Every voucher should be signed by

(A) Accounts Officer

(B) Accountant

(C) Manager

(D) Responsible Official

15. Amount spent on increasing the seating capacity of a cinema hall is called

(A) Personal expenditure

(B) Nominal expenditure

(C) Capital expenditure

(D) Revenue expenditure

16. Technical skills are most important for

(A) First line managers

(B) Middle level managers

(C) Production managers

(D) Top level managers

17. Under which type of agreement royalty is paid on the basis of sale ?

(A) Mining

(B) Patent

(C) Copy right

(D) Licensing

18. Franco Invoice includes

(A) all costs upto putting the goods at the door of the buyer

(B) cost, insurance and freight

(C) all the costs upto Railway Station

(D) all costs upto loading the goods into the railway wagons

19. रणनीतिक नियोजन किया जाता है

(A) उच्च स्तरीय प्रबन्धन द्वारा

(B) मध्य स्तरीय प्रबन्धन द्वारा

(C) पर्यवेक्षक स्तरीय प्रबन्धन द्वारा

(D) परिचालन स्तरीय प्रबन्धन द्वारा

20. अंश आवंटन खाता है एक

(A) वास्तविक खाता

(B) नाम मात्र खाता

(C) व्यक्तिगत खाता

(D) कम्पनी खाता

21. एक कम्पनी ने ₹ 10 वाले 100 समता अंशों को जिन पर ₹ 4 की अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया गया था को जब्त कर लिया । इन अंशों को कम्पनी न्यूनतम कितने रुपये प्रति अंश की दर से पुनर्निर्गमित कर सकती है ?

(A) ₹ 6 (B) ₹ 4

(C) ₹ 8 (D) ₹ 10

22. बहुत से गैर-व्यापी वर्गों के साथ समंक (डेटा) को तालिका के रूप संक्षिप्ति एवं प्रस्तुतीकरण संदर्भित है

(A) आवृत्ति वितरण

(B) अवास्तविक वितरण

(C) क्रम सूचक वितरण

(D) कालानुक्रमिक वितरण

23. एक फर्म के समापन पर न लिखी गयी सम्पत्ति से वसूल की गयी राशि को दिखाया जाता है

(A) पुनर्मूल्यांकन खाते मे

(B) वसूली खाते में

(C) साझेदारों के पूँजी खातों में

(D) रोकड़ खाते के क्रेडिट पक्ष में

19. Strategic planning is done by

(A) Top level management

(B) Middle level management

(C) Supervisory level management

(D) Operating level management

20. Share Allotment Account is a

(A) Real A/c

(B) Nominal A/c

(C) Personal A/c

(D) Company A/c

21. A company forfeited 100 equity shares of ₹ 10 each on which a final call of ₹ 4 per share was unpaid. At what minimum rate per share these shares can be reissued by the company ?

(A) ₹ 6 (B) ₹ 4

(C) ₹ 8 (D) ₹ 10

22. Summary and presentation of data in tabular form with several non-overlapping classes is referred as

(A) Frequency distribution

(B) Nominal distribution

(C) Ordinal distribution

(D) Chronological distribution

23. On the dissolution of a firm, the amount realised from an unrecorded asset is transferred to

(A) Revaluation Account

(B) Realization Account

(C) Partner's Capital Accounts

(D) Credit side of Cash Account

24. एक स्थायी सम्पत्ति का सकल पुस्तक मूल्य होता है उसकी/उसका

(A) लागत और ह्रास का अन्तर

(B) ऐतिहासिक लागत

(C) उचित बाजार मूल्य

(D) प्राप्य मूल्य

25. पर्यावरण प्रदूषण का सबसे प्रमुख कारण है

(A) औद्योगीकरण

(B) जनसंख्या वृद्धि

(C) कृषि में रसायन का प्रयोग

(D) खनन

26. रोजनामचे से खाताबही में डेबिट तथा क्रेडिट मदों के हस्तान्तरण को कहा जाता है

(A) प्रविष्टि

(B) हस्तान्तरण

(C) लेखांकन

(D) खतौनी

27. माँग का नियम कहता है कि अन्य बातें समान रहने पर

(A) वस्तु की कीमत तथा माँग के मध्य सदैव सीधा सम्बन्ध होता है

(B) वस्तु की कीमत तथा माँग के मध्य सदैव विपरीत संबंध होता है

(C) वस्तु की माँग तथा इच्छा के मध्य सदैव सीधा संबंध होता है

(D) वस्तु की माँग तथा कीमत के मध्य कोई संबंध नहीं होता है

24. Gross Book Value of a fixed assets is its

(A) cost less depreciation

(B) historical cost

(C) fair market value

(D) realisable value

25. The most dominating cause of environmental pollution is

(A) Industrialisation

(B) Increasing population

(C) Use of chemicals in agriculture

(D) Mining

26. Transfer of debit and credit items from journal to ledger is called

(A) Entry

(B) Transfer

(C) Accounting

(D) Posting

27. The law of demand states that if other things remain same

(A) There is always a direct relationship between the price and demand

(B) There is always an inverse relationship between price and demand

(C) There is always a direct relationship between desire and demand

(D) There is no relationship between price and demand

28. निम्नलिखित में कौन-सी विज्ञापन की एक विशेषता नहीं है ?

(A) भुगतान युक्त गतिविधि

(B) निश्चित प्रायोजक

(C) दृश्यमान अथवा मौखिक

(D) व्यक्तिगत

29. मूल लेखांकन समीकरण आधारित है

(A) लागत अवधारणा पर

(B) लेखांकन अवधि अवधारणा पर

(C) उपार्जन अवधारणा पर

(D) द्विपक्ष अवधारणा पर

30. एक कम्पनी ने रु. 20,000 अपने भवन की रंगाई पर खर्च किए । इसे अभिलेखित किया जाना चाहिए

(A) आयगत व्यय के रूप में

(B) पूँजीगत व्यय के रूप में

(C) व्यक्तिगत व्यय के रूप में

(D) स्थगित आयगत व्यय के रूप में

31. प्रबन्धन का प्राथमिक कार्य है

(A) नियोजन

(B) सम्प्रेषण

(C) निर्णयन

(D) अभिप्रेरण

32. न्यूनतम किराया को इस नाम से भी जानते हैं

(A) मृत किराया

(B) स्थायी किराया

(C) सम किराया

(D) उपर्युक्त सभी

28. Which of the following is not a feature of the advertising ?

(A) Paid activity

(B) Identified sponsor

(C) Visual or oral

(D) Personal

29. The basic accounting equation is based on

(A) Cost concept

(B) Accounting period concept

(C) Accrual concept

(D) Dual aspect concept

30. A company has spent Rs. 20,000 on painting of its building. It should be recorded as

(A) Revenue expenditure

(B) Capital expenditure

(C) Personal expenditure

(D) Deferred revenue expenditure

31. The primary function of management is

(A) Planning

(B) Communication

(C) Decision making

(D) Motivation

32. Minimum rent is also known as

(A) Dead rent

(B) Fixed rent

(C) Flat rent

(D) All of the above

33. क्रय पुस्तक को क्या अभिलेखित करने के लिये प्रयोग किया जाता है ?
(A) माल के समस्त क्रयों को
(B) समस्त क्रयों को
(C) माल के समस्त उधार क्रयों को
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. निर्णयन प्रक्रिया है एक
(A) कार्य
(B) प्रविधि
(C) उद्देश्य
(D) नीति

35. गैर व्यापारिक संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले नकद लेन देनों को दिखाया जाता है
(A) प्राप्ति एवं भुगतान खाते में
(B) आय व व्यय खाते में
(C) लाभ व हानि खाते में
(D) निर्माण खाते में

36. अनर्जित आय को माना जाता है
(A) सम्पत्ति (B) दायित्व
(C) हानि (D) पूँजी

37. पार्षद सीमा नियम है
(A) कम्पनी के आन्तरिक नियम
(B) संचालक मंडल के लिये दिशा निर्देश
(C) कम्पनी तथा संचालक मंडल के मध्य अनुबन्ध
(D) कम्पनी का चार्टर

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कम्पनी के वित्त का स्रोत नहीं है ?
(A) समता अंश पूँजी
(B) पूर्वाधिकार अंश पूँजी
(C) स्थायी सम्पत्ति
(D) ऋणपत्र

33. Purchase Book is used to record
(A) All purchases of goods
(B) All purchases
(C) All credit purchases of goods
(D) None of the above

34. Decision making is a
(A) Function
(B) Process
(C) Objective
(D) Policy

35. The record of cash transactions by non-trading concerns is shown in
(A) Receipt and Payment A/c
(B) Income and Expenditure A/c
(C) Profit and Loss A/c
(D) Manufacturing A/c

36. Unearned income is considered as
(A) Assets (B) Liability
(C) Loss (D) Capital

37. Memorandum of Association is/are
(A) Internal rules of the Company
(B) Guidelines for Board of Directors
(C) Agreement between Company and Board of Directors
(D) Charter of the Company

38. Which of the following is not a source of finance for a company ?
(A) Equity share capital
(B) Preference share capital
(C) Fixed assets
(D) Debentures

39. किस तरह के संगठन में नियम, कर्तव्य और जिम्मेदारियाँ लिखित रूप में दी जाती हैं ?

(A) औपचारिक संगठन में

(B) अनौपचारिक संगठन में

(C) रणनीतिक संगठन में

(D) (B) तथा (C) दोनों में

40. प्रमाणक का तात्पर्य है

(A) नकद रसीद

(B) बीजक

(C) प्रतिपर्ण

(D) उपर्युक्त सभी

41. तलपट प्रदर्शित करता है

(A) लाभ–हानि खाते का शेष

(B) लेखाकार द्वारा किये गये लेखांकन की पूर्ण शुद्धता

(C) खाताबही के शेषों की गणितीय शुद्धता

(D) सम्पत्तियों एवं दायित्त्वों के मध्य शेष

42. जब कोई उपभोक्ता Y-वस्तु की कुछ इकाइयों को छोड़ते हुए X-वस्तु की इकाइयों में वृद्धि करता है और फिर भी उसे उतनी ही संतुष्टि प्राप्त होती है, तो सीमान्त प्रतिस्थापन दर की गणना निम्न द्वारा की जायेगी

(A) $\frac{\text{X-वस्तु में परिवर्तन}}{\text{Y-वस्तु की सीमान्त उपयोगिता}}$

(B) $\frac{\text{Y-वस्तु में परिवर्तन}}{\text{X-वस्तु की सीमान्त उपयोगिता}}$

(C) $\frac{\text{X-वस्तु में परिवर्तन}}{\text{Y-वस्तु में परिवर्तन}}$

(D) $\frac{\text{Y-वस्तु में परिवर्तन}}{\text{X-वस्तु में परिवर्तन}}$

39. In which type of organisation the rules, duties and responsibilities are given in writing ?

(A) Formal organisation

(B) Informal organisation

(C) Strategic organisation

(D) Both (B) and (C)

40. Voucher refers to

(A) Cash receipt

(B) Invoices

(C) Counterfoils

(D) All of the above

41. A Trial Balance shows

(A) The balance of Profit and Loss Account

(B) Complete accuracy of accounting done by the accountant

(C) Arithmetical accuracy of ledger balances

(D) Balance between assets and liabilities

42. When a consumer increases units of X-commodity by giving up some units of Y-commodity and even to attain the same level of satisfaction, the marginal rate of substitution will be calculated by

(A) $\frac{\text{Change in X-commodity}}{\text{Marginal utility of Y-commodity}}$

(B) $\frac{\text{Change in Y-commodity}}{\text{Marginal utility of X-commodity}}$

(C) $\frac{\text{Change in X-commodity}}{\text{Change in Y-commodity}}$

(D) $\frac{\text{Change in Y-commodity}}{\text{Change in X-commodity}}$

43. निम्नलिखित में से कौन-सा दीर्घस्तरीय फुटकर व्यापार का एक प्रारूप नहीं है ?

(A) विभागीय भण्डार

(B) सुपर बाजार

(C) शृंखलाबद्ध दुकानें

(D) किराना भण्डार

44. निम्न में से कौन-सा व्यापारिक कार्यालय का कार्य नहीं है ?

(A) पत्रों की प्राप्ति

(B) सूचनाएँ प्रदान करना

(C) नस्तीकरण एवं पृष्ठांकन

(D) निर्णयन

45. आश्रित शाखा कर सकती है

(A) केवल नकद विक्रय

(B) केवल उधार विक्रय

(C) नकद एवं उधार विक्रय दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. मैस्लो की आवश्यकताओं के अनुक्रम को तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए :

a. शारीरिक आवश्यकताएँ

b. सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यकताएँ

c. आत्म सम्मान सम्बन्धी आवश्यकताएँ

d. सामाजिक आवश्यकताएँ

e. आत्म उपलब्धि सम्बन्धी आवश्यकताएँ

(A) a, b, d, c, e

(B) a, d, b, c, e

(C) b, a, d, c, e

(D) b, d, a, c, e

43. Which of the following is not a form of Large Scale Retail Trading ?

(A) Departmental Store

(B) Super Market

(C) Multiple Chain Stores

(D) Provision Store

44. Which of the following is not the function of a business office ?

(A) Receipt of letters

(B) Providing informations

(C) Filing and endorsing

(D) Decision making

45. Dependent branch can make

(A) Only cash sales

(B) Only credit sales

(C) Both cash and credit sales

(D) None of the above

46. Rearrange Maslow's hierarchy of needs logically :

a. Physiological needs

b. Security needs

c. Esteem needs

d. Social needs

e. Self actualization needs

(A) a, b, d, c, e

(B) a, d, b, c, e

(C) b, a, d, c, e

(D) b, d, a, c, e

47. किसी व्यवसाय की पुस्तकों और अभिलेखों की व्यवस्थित जाँच को कहा जाता है

(A) अंकेक्षण (B) प्रमाणन

(C) सत्यापन (D) जाँच पड़ताल

48. एक सुव्यवस्थित ढंग से व्यवसायिक लेनदेनों का अभिलेखन करना तथा उनको खातों में वर्गीकृत करना कहलाता है

(A) लेखांकन

(B) पुस्तपालन

(C) समायोजन

(D) मापन

49. आहरण खाता है

(A) नाम मात्र खाता

(B) व्यक्तिगत खाता

(C) वास्तविक खाता

(D) काल्पनिक खाता

50. साझेदारों के पूँजी खाते पर ब्याज क्रेडिट किया जाता है

(A) ब्याज खाते में

(B) साझेदारों के पूँजी खाते में

(C) लाभ-हानि खाते में

(D) लाभ-हानि समायोजन खाते में

51. जब जहाज में माल लादा जाता है, तो जहाज के समादेशक अधिकारी द्वारा जो रसीद निर्गत की जाती है, उसे कहते हैं

(A) नौपरिवहन रसीद

(B) भाड़ा रसीद

(C) मेट रसीद

(D) अधिकार पत्र रसीद

47. A systematic examination of books and records of a business is called

(A) Auditing (B) Vouching

(C) Verification (D) Checking

48. Recording of business transactions in a systematic manner and classifying them in ledger is called

(A) Accounting

(B) Book-keeping

(C) Adjustment

(D) Measurement

49. Drawings Account is

(A) Nominal Account

(B) Personal Account

(C) Real Account

(D) Fictitious Account

50. The interest on the Capital Accounts of partners is credited to

(A) Interest A/c

(B) Partners Capital A/c

(C) Profit and Loss A/c

(D) Profit and Loss Appropriation A/c

51. A receipt issued by commodity officer of the ship when the cargo is loaded on the ship is known as

(A) Shipping receipt

(B) Cargo receipt

(C) Mate receipt

(D) Charter receipt

52. लेखांकन पुस्तकों में अभिलेखित लेनदेनों के प्राधिकार तथा प्रमाणिकता का सत्यापन कहलाता है

(A) सत्यापन

(B) आन्तरिक अंकेक्षण

(C) प्रमाणन

(D) अन्वेषण

53. 'अभिदत्त पूँजी' और 'याचित पूँजी' में अन्तर कहलाता है

(A) अवशिष्ट याचना

(B) अग्रिम याचना

(C) अयाचित पूँजी

(D) प्रदत्त पूँजी

54. पदों के विचरण का माप होता है

(A) विषमता

(B) अपकिरण

(C) सहसंबंध

(D) पृथुशीर्षत्व

55. एक साझेदारी अस्तित्व में आती है

(A) अनुबन्ध द्वारा

(B) विधान के परिचालन द्वारा

(C) उत्तराधिकार द्वारा

(D) व्यक्तियों के मध्य संबंध द्वारा

56. किसी विपरीत अनुबन्ध के अभाव में एक साझेदारी फर्म के समापन पर होने वाला पूँजी लाभ साझेदारों के बीच बाँटा जाता है

(A) समान अनुपात में

(B) पूँजी अनुपात में

(C) लाभ वितरण अनुपात में

(D) इनमें से कोई नहीं

52. The verification of the authority and authenticity of transaction recorded in the books of accounts is called

(A) Verification

(B) Internal Audit

(C) Vouching

(D) Investigation

53. The difference between 'subscribed capital' and 'called up capital' is called

(A) Calls in arrear

(B) Calls in advance

(C) Uncalled capital

(D) Paid up capital

54. The measure of the variation of the items is

(A) Skewness

(B) Dispersion

(C) Correlation

(D) Kurtosis

55. A partnership comes into existence by

(A) An agreement

(B) Operation of law

(C) Succession

(D) Relationship between persons

56. In the absence of any contract to the contrary, capital profit on dissolution of a Partnership Firm is shared among partners in

(A) Equal ratio

(B) Capital ratio

(C) Profit-sharing ratio

(D) None of these

57. रोजनामचे में लेनदेनों को अभिलेखित किया जाता है

(A) वार्षिक आधार पर

(B) मासिक आधार पर

(C) दैनिक आधार पर

(D) आवधिक-अन्तराल के आधार पर

58. अंकेक्षण व ऐश्योरेन्स प्रमाप-2 (AAS – 2) सम्बन्धित हैं

(A) प्रमाणन से

(B) सम्पत्ति और दायित्वों के मूल्यांकन से

(C) अंकेक्षण नियोजन से

(D) वित्तीय विवरणों के अंकेक्षण के उद्देश्य एवं क्षेत्र से

59. निम्न में से किसका प्रयोग पूर्वाधिकार अंशों के शोधन हेतु नहीं किया जा सकता है ?

(A) बीमा कोष

(B) कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष

(C) सामान्य संचय

(D) समामेलन से पूर्व का लाभ

60. यदि प्रसरण 144 है, तो प्रमाप विचलन होगा

(A) 2 (B) 12

(C) 72 (D) 288

61. पट्टेदार द्वारा लघुकार्य की राशि को वसूल किये जाने की दशा में पट्टादाता डेबिट करता है

(A) न्यूनतम किराया खाता

(B) पट्टेदार का खाता

(C) अधिकार शुल्क संचिति खाता

(D) लाभ-हानि खाता

57. In journal transactions are recorded on

(A) Yearly basis

(B) Monthly basis

(C) Daily basis

(D) Periodic-interval basis

58. Auditing and Assurance Standard – 2 (AAS – 2) are concerned with

(A) Vouching

(B) Valuation of assets and liabilities

(C) Audit planning

(D) Objective and scope of the audit of financial statements

59. Which of the following can not be used for redemption of preference shares ?

(A) Insurance Fund

(B) Workmen's Compensation Fund

(C) General Reserve

(D) Profit Prior to Incorporation

60. If variance is 144, then the standard deviation will be

(A) 2 (B) 12

(C) 72 (D) 288

61. In the event of recoupment of shortworkings by the lessee, the lessor debits

(A) Minimum Rent Account

(B) Lessee's Account

(C) Royalty Reserve Account

(D) Profit and Loss Account

62. अंकेक्षण प्रारम्भ होता है जहाँ ________ समाप्त होता है ।

(A) विक्रय (B) उत्पादन

(C) लेखांकन (D) वर्ष

63. मूल्य निर्धारण रणनीतियों में शामिल है

(A) बेहद कम मूल्य निर्धारण

(B) मूल्य तय करना

(C) भ्रामक मूल्य निर्धारण

(D) उपर्युक्त सभी

64. माल्थस के अनुसार किसी देश की जनसंख्या में वृद्धि होती है

(A) अंकगणितीय रूप से

(B) बीजगणितीय रूप से

(C) ज्यामितीय रूप से

(D) स्थिर दर से

65. एक सम्पत्ति रु. 5,00,000 में खरीदी गई तथा रु. 1,00,000 का भुगतान सुपुर्दगी पर किया गया एवं रु. 4,00,000 के बिल स्वीकार किए गये । आर्थिक चिट्ठे में सम्पत्ति और दायित्व पर इसका क्या प्रभाव होगा ?

(A) सम्पत्ति रु. 4,00,000 से बढ़ी तथा दायित्व रु. 4,00,000 से बढ़े

(B) सम्पत्ति रु. 4,00,000 से बढ़ी तथा दायित्व रु. 4,00,000 से घटे

(C) सम्पत्ति रु. 4,00,000 से घटी तथा दायित्व रु. 4,00,000 से बढ़े

(D) सम्पत्ति रु. 5,00,000 से बढ़ी तथा दायित्व रु. 4,00,000 से बढ़े

62. Auditing begins where ______ ends.

(A) Selling (B) Production

(C) Accounting (D) Year

63. Pricing strategies include

(A) Predatory pricing

(B) Price fixing

(C) Deceptive pricing

(D) All of the above

64. According to Malthus, the population of a country grows

(A) Arithmetically

(B) Algebraically

(C) Geometrically

(D) At constant rate

65. An asset was purchased for Rs. 5,00,000 with the down payment of Rs. 1,00,000 and bills accepted for Rs. 4,00,000. What would be the effect on the total asset and total liabilities in the Balance Sheet ?

(A) Assets increased by Rs. 4,00,000 and liabilities increased by Rs. 4,00,000

(B) Assets increased by Rs. 4,00,000 and liabilities decreased by Rs. 4,00,000

(C) Assets decreased by Rs. 4,00,000 and liabilities increased by Rs. 4,00,000

(D) Assets increased by Rs. 5,00,000 and liabilities increased by Rs. 4,00,000

66. कौन-सी प्राथमिक समंक (डेटा) एकत्र करने की विधि नहीं है ?
(A) आर्थिक सर्वेक्षण प्रकाशन
(B) प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसंधान
(C) अप्रत्यक्ष मौखिक अनुसंधान
(D) प्रगणकों द्वारा अनुसूचियों को भरना

67. समायोजनों में दिया गया है कि लेखांकन वर्ष के दौरान, व्यापारी द्वारा ₹ 5,000 का माल नमूने के रूप में मुफ़्त वितरित किया गया । अन्तिम खाते तैयार करते समय इसे दिखाया जायेगा
(A) लाभ-हानि खाते में
(B) व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाते दोनों में
(C) व्यापारिक खाते में
(D) आर्थिक चिट्ठे में

68. दबाव अथवा भय पर आधारित अभिप्रेरण कहलाता है
(A) बाह्य अभिप्रेरण
(B) आन्तरिक अभिप्रेरण
(C) ऋणात्मक अभिप्रेरण
(D) धनात्मक अभिप्रेरण

69. रोजनामचे में लेनदेनों को अभिलेखित किया जाता है
(A) कालानुक्रमिक आधार पर
(B) विश्लेषणात्मक आधार पर
(C) सुविधा के आधार पर
(D) चयनात्मक आधार पर

70. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य भारतीय रिजर्व बैंक नहीं करता है ?
(A) नोटों का निर्गमन
(B) साख नियन्त्रण
(C) जनता से ब्याज पर जमा स्वीकार करना
(D) विदेशी विनिमय प्रबन्धन एवं नियन्त्रण

66. Which one is not the method of collecting primary data ?
(A) Economic survey publication
(B) Direct personal investigation
(C) Indirect oral investigation
(D) Schedules to be filled in by enumerators

67. It is given in adjustment that during the accounting year, the trader distributed goods worth ₹ 5,000 as free samples. While preparing Final Accounts, this will be shown in
(A) Profit and Loss Account
(B) Both in Trading and Profit and Loss Account
(C) Trading Account
(D) Balance Sheet

68. A motivation based on force or fear is called
(A) Extrinsic motivation
(B) Intrinsic motivation
(C) Negative motivation
(D) Positive motivation

69. In journal transactions are recorded on
(A) Chronological basis
(B) Analytical basis
(C) Convenience basis
(D) Selective basis

70. Which of the following function is not performed by Reserve Bank of India ?
(A) Issue of currency notes
(B) Credit control
(C) To accept deposits on interest from public
(D) Foreign Exchange Management and Control

71. सारणी 'A' के अनुसार अंशों की बकाया राशि पर ब्याज लगाया जाता है
(A) 5%
(B) 6%
(C) 12%
(D) 18%

72. निम्नलिखित में कौन-सी लेखांकन परिपाटी नहीं है ?
(A) पूर्ण प्रकटीकरण की परिपाटी
(B) रूढ़िवादिता की परिपाटी
(C) उपार्जन लेखांकन की परिपाटी
(D) एकरूपता की परिपाटी

73. लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित किये जाने वाले देनदारों पर प्राविधान की गणना हेतु निम्न में से कौन-सा सूत्र सही है ?
(A) अशोध्य ऋण + नया प्राविधान – पुराना प्राविधान
(B) देनदारों पर प्राविधान + नया प्राविधान + अशोध्य ऋण – नये अशोध्य ऋण
(C) अशोध्य ऋण + नये अशोध्य ऋण + नया प्राविधान – पुराना प्राविधान
(D) देनदारों पर नया प्राविधान + अशोध्य ऋण के लिये बनाया गया पुराना प्राविधान

74. एक नये साझेदार के प्रवेश के बाद सभी साझेदारों की पूँजी होनी चाहिए
(A) नये लाभ-विभाजन अनुपात में
(B) पुराने लाभ-विभाजन अनुपात में
(C) समान अनुपात में
(D) परस्पर सहमति के अनुपात में

71. Interest on calls in arrears according to Table 'A' is charged at
(A) 5%
(B) 6%
(C) 12%
(D) 18%

72. Which of the following is not an accounting convention ?
(A) Convention of full disclosure
(B) Convention of conservatism
(C) Convention of accrual accounting
(D) Convention of consistency

73. Which of the following formula is correct to calculate provision on debtors to be transferred to Profit and Loss Account ?
(A) Bad Debts + New Provision – Old Provision
(B) Provision on Debtors + New Provision + Bad Debts – Further Bad Debts
(C) Bad Debts + New Bad Debts + New Provision – Old Provision
(D) New Provision on Debtors + Old Provision made for Bad Debts

74. After admission of a new partner the capital of all the partner must be in
(A) New profit sharing ratio
(B) Old profit sharing ratio
(C) Equal ratio
(D) Mutually agreed ratio

75. "हानि का आकलन करना और लाभ जब तक वसूल न हो जायें, उनको लेखाबद्ध न करना" जिस सिद्धान्त का हिस्सा है वह है

(A) संगतता

(B) तुलनीयता

(C) रूढ़िवादिता

(D) प्रकटीकरण

76. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रमाप विचलन (σ) का सूत्र नहीं है ?

(A) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_X}{N} - \left(\frac{\Sigma d_X}{N}\right)^2}$

(B) $\sigma = \frac{1}{N}\sqrt{\Sigma d^2_X - (\Sigma d_X)^2}$

(C) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_X}{N} - (\bar{X} - A)^2}$

(D) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_X - N(\bar{X} - A)^2}{N}}$

77. निम्नलिखित में से किसमें विपरीत प्रविष्टियाँ होती हैं ?

(A) साधारण रोकड़ पुस्तक

(B) खुदरा रोकड़ पुस्तक

(C) तीन खानों वाली रोकड़ पुस्तक

(D) सभी रोकड़ पुस्तकें

78. किसी कम्पनी में आन्तरिक अंकेक्षक की नियुक्ति की जाती है

(A) अंशधारियों द्वारा

(B) लेनदारों द्वारा

(C) संचालक-मंडल द्वारा

(D) सरकार द्वारा

75. "Losses are anticipated and profits are not accounted until realised", is the part of following principle

(A) Consistency

(B) Comparability

(C) Conservatism

(D) Disclosure

76. Which one of the following is not a formula of Standard Deviation (σ) ?

(A) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_X}{N} - \left(\frac{\Sigma d_X}{N}\right)^2}$

(B) $\sigma = \frac{1}{N}\sqrt{\Sigma d^2_X - (\Sigma d_X)^2}$

(C) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_X}{N} - (\bar{X} - A)^2}$

(D) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2_X - N(\bar{X} - A)^2}{N}}$

77. Which of the following have contra entries ?

(A) Simple cash book

(B) Petty cash book

(C) Three column cash book

(D) All cash books

78. In a company, internal auditor is appointed by

(A) Shareholders

(B) Creditors

(C) Board of Directors

(D) Government

79. प्रबन्ध की निम्न परिभाषा किसके द्वारा दी गई ?
"प्रबन्ध यह जानने की कला है कि क्या करना है तथा उसे करने का सर्वोत्तम एवं सुलभ तरीका क्या है ?"
(A) एफ. डब्ल्यू. टेलर
(B) हेन्री फेयोल
(C) ई. एफ. एल. ब्रेच
(D) ओलिवर शैल्डन

80. निम्न में से कौन-सा सही है ?
(A) आय कर एक व्यापारिक व्यय है
(B) तलपट में दर्शाया गया अन्तिमरहतिया आर्थिक चिट्ठे में अभिलेखित किया जाता है
(C) पूर्वदत्त व्यय खाता एक नाम मात्र खाता है
(D) ग्राहक से प्राप्त अग्रिम राशि को आय के रूप में लाभ-हानि खाते में क्रेडिट किया जाता है

81. स्थायी सम्पत्तियों पर ह्रास एक उदाहरण है
(A) पूँजीगत व्यय का
(B) आयगत व्यय का
(C) स्थगित आयगत व्यय का
(D) वास्तविक व्यय का

82. कॉपीराइट अनुबन्ध के अन्तर्गत अधिकार शुल्क की राशि की गणना की जाती है
(A) प्रकाशित पुस्तकों की संख्या के आधार पर
(B) विक्रय की गयी पुस्तकों की संख्या के आधार पर
(C) प्रकाशित पुस्तकों की कुल लागत के आधार पर
(D) विक्रय की गयी पुस्तकों के कुल विक्रय मूल्य पर

79. By whom the following definition of management was given ?
"Management is the art of knowing what you want to do and then seeing that it is done in the best and the cheapest way".
(A) F.W. Taylor
(B) Henry Fayol
(C) E.F.L. Brech
(D) Oliver Sheldon

80. Which of the following is correct ?
(A) Income tax is a trade expense
(B) Closing Stock shown in Trial Balance is recorded in Balance Sheet
(C) Prepaid Expenses Account is Nominal Account
(D) Advance received from a customer is credited to Profit and Loss Account as an income

81. Depreciation on fixed assets is an example of
(A) Capital expenditure
(B) Revenue expenditure
(C) Deferred revenue expenditure
(D) Real expenditure

82. Under copyright agreement the amount of royalty is computed on the basis of
(A) Number of books published
(B) Number of books sold
(C) Total cost of books published
(D) Total sale price of the books sold

83. खुदरा रोकड़ पुस्तक का शेष प्रदर्शित करता है

(A) व्यय (B) लाभ

(C) सम्पत्ति (D) दायित्त्व

84. विज्ञापन का मूल उद्देश्य है

(A) जानकारी देना

(B) समझाना

(C) याद दिलाना

(D) उपर्युक्त सभी

85. निर्यातकों को कार्यशील पूँजी की सुविधा प्रदान की जाती है

(A) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा

(B) निर्यात साख एवं गारन्टी निगम द्वारा

(C) व्यापारिक बैंकों द्वारा

(D) भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा

86. 'बैंक दर' वह दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक

(A) भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेते हैं

(B) ग्राहकों को उधार देते हैं

(C) ग्राहकों से उधार लेते हैं

(D) भारतीय रिजर्व बैंक को उधार देते हैं

87. कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार, अंशों के आवेदन के लिये न्यूनतम आवेदन राशि है, अंशों के अंकित मूल्य का

(A) 5% (B) 10%

(C) 20% (D) 25%

83. Balance of petty cash book represents

(A) An expense (B) A profit

(C) An assets (D) A liability

84. Primary purpose of advertising is to

(A) Inform

(B) Persuade

(C) Remind

(D) All of the above

85. Working capital facility to exporters is provided by

(A) Reserve Bank of India

(B) Export Credit and Guarantee Corporation

(C) Commercial Banks

(D) Ministry of External Affairs, Government of India

86. 'Bank rate' is the rate at which commercial banks

(A) borrow money from Reserve Bank of India

(B) lend money to customers

(C) borrow money from customers

(D) lend money to Reserve Bank of India

87. According to the provisions of Companies Act, 2013, the amount of minimum application money to apply for shares should be at least _____ % of face value of the share.

(A) 5% (B) 10%

(C) 20% (D) 25%

88. मुद्रा परिमाण सिद्धान्त के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण फिशर के द्वारा दिया गया था ?

(A) M = KY + K'A

(B) PT = MV + M'V'

(C) M = PKR

(D) n = p(k + rk')

89. उस अंकेक्षण का नाम बताइये, जो प्राय: दो वार्षिक अंकेक्षणों के मध्य किया जाता है

(A) बाह्य अंकेक्षण

(B) मानक अंकेक्षण

(C) अंतरिम अंकेक्षण

(D) अंतिम अंकेक्षण

90. R एवं S साझेदार है, जो 5 : 3 में लाभ बांटते हैं। T नये साझेदार के रूप में शामिल होता है जिसको कि R अपने हिस्से का $\frac{1}{4}$ तथा S अपने हिस्से का $\frac{2}{5}$ भाग देते हैं। R, S और T का नया लाभ-हानि अनुपात होगा

(A) 15 : 01 : 26

(B) 75 : 36 : 49

(C) 25 : 15 : 26

(D) 20 : 9 : 11

91. वह प्रक्रिया जिसके अन्तर्गत किसी संगठन के कर्मचारियों के मध्य कार्य का विभाजन उचित एवं विवेकपूर्ण ढंग से किया जाता है, कहलाती है

(A) आन्तरिक अंकेक्षण

(B) आन्तरिक रोकथाम

(C) आन्तरिक मूल्यांकन

(D) आन्तरिक प्रबन्धन

88. Under Quantity Theory of Money, which one of the following equations was given by Fisher ?

(A) M = KY + K'A

(B) PT = MV + M'V'

(C) M = PKR

(D) n = p(k + rk')

89. Name the audit, that is generally conducted between two annual audit.

(A) External auditing

(B) Standard auditing

(C) Interim auditing

(D) Final auditing

90. R and S are partners sharing profits in the ratio of 5 : 3. T joins the firm as a new partner. R gives $\frac{1}{4}$th of his share and S give $\frac{2}{5}$th of his share to new partner. New profit sharing ratio of R, S and T will be

(A) 15 : 01 : 26

(B) 75 : 36 : 49

(C) 25 : 15 : 26

(D) 20 : 9 : 11

91. The process that entails a proper and rational distribution of work between the members of the staff of the organisation is called

(A) Internal Audit

(B) Internal Check

(C) Internal Evaluation

(D) Internal Management

92. किसने कहा, ''मुद्रा में वे सभी वस्तुएँ सम्मिलित हैं जिन्हें समाज में सर्वग्राह्यता प्राप्त है ''?

(A) मार्शल
(B) कीन्स
(C) क्राउथर
(D) एली

93. वे प्रतिष्ठान जो पूर्ण रूप से केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्वामित्व, प्रबन्धित और नियंत्रित होते हैं, जाने जाते हैं

(A) सरकारी कम्पनी के रूप में
(B) सार्वजनिक उपक्रमों के रूप में
(C) संयुक्त स्कन्ध कम्पनी के रूप में
(D) निजी उपक्रमों के रूप में

94. पुरानी मशीन की खरीद पर की गयी मरम्मत, मरम्मत खाते में डेबिट की गयी । यह त्रुटि है

(A) क्षतिपूरक
(B) चूक की
(C) कृत्य की
(D) सैद्धान्तिक

95. अ तथा ब एक फर्म में साझेदार हैं तथा लाभ-हानि को 3 : 2 में विभाजित करते हैं । स एक नये साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश करता है तथा ₹ 6,000 की राशि ख्याति के लिये प्रीमियम के रूप में नकद देता है । यहाँ अ तथा ब के मध्य ख्याति के प्रीमियम का बँटवारा होगा यदि नया अनुपात 5 : 3 : 2 हो तो

(A) ₹ 3,600 : ₹ 2,400
(B) ₹ 3,000 : ₹ 3,000
(C) ₹ 2,400 : ₹ 3,600
(D) ₹ 2,000 : ₹ 4,000

92. Who said, "Money consists of those things which within a society, are of general acceptability" ?

(A) Marshall
(B) Keynes
(C) Crowther
(D) Ely

93. The enterprises exclusively owned, managed and controlled by the Central or State Government are known as

(A) Government Company
(B) Public Enterprises
(C) Joint Stock Company
(D) Private Enterprises

94. Repairs of second hand machinery purchased is debited to repairs account. It is an error of

(A) Compensating
(B) Omission
(C) Commission
(D) Principle

95. A and B are partners in a firm and share profits and losses in the ratio of 3 : 2. C joins firm as a new partner and contributes ₹ 6,000 as premium for goodwill in cash. Here, the premium for goodwill shall be shared by A and B on the basis of new profit sharing ratio, that is 5 : 3 : 2 as

(A) ₹ 3,600 : ₹ 2,400
(B) ₹ 3,000 : ₹ 3,000
(C) ₹ 2,400 : ₹ 3,600
(D) ₹ 2,000 : ₹ 4,000

96. निम्नलिखित में से कौन-सा लेन-देन का एक मूल साक्ष्य है ?

(A) जर्नल प्रविष्टि
(B) रोकड़ पुस्तक
(C) प्रमाणक
(D) पास बुक

97. यदि किसी वस्तु की मांग बेलोचदार है, तो उसकी कीमत में वृद्धि होने से उस वस्तु के उपभोक्ताओं का कुल व्यय होगा

(A) बढ़ता हुआ
(B) घटता हुआ
(C) स्थिर
(D) शून्य

98. अशोका लि. ने एक मशीन टाटा एण्ड सन्स से रु. 1,50,000 में खरीदी । यह है

(A) एक लेनदेन
(B) एक घटना
(C) एक गैर वित्तीय समंक (डेटा)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(A) हरण किए गये अंशों को पुन:निर्गत किया जा सकता है ।
(B) अंशों के हरण से पूर्व अंशधारियों को 14 दिन का एक नोटिस देना आवश्यक है ।
(C) अंशों के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम का प्रयोग प्रारम्भिक खर्चों को अपलिखित करने में किया जा सकता है ।
(D) हरण किए गये अंशों के पुन:निर्गमन पर होने वाले लाभ को सामान्य संचय खाते में हस्तांतरित किया जाता है ।

96. Which of the following is a basic evidence of a transaction ?

(A) Journal entry
(B) Cash book
(C) Voucher
(D) Pass book

97. If the demand of a commodity is inelastic, an increase in its price will cause the total expenditure of the consumers of the goods to

(A) Increase
(B) Decrease
(C) Remain the same
(D) Become zero

98. Ashoka Ltd. purchased a machine from Tata & Sons for Rs. 1,50,000. This is

(A) A transaction
(B) An event
(C) A non financial data
(D) None of the above

99. Which one of the following statements is not correct ?

(A) Forfeited shares can be reissued.
(B) A notice of 14 days to shareholders is necessary before forfeiture of shares.
(C) Premium on issue of shares can be used for writing off the preliminary expenses.
(D) The profit on re-issue of forfeited shares is transferred to General Reserve Account.

100. कम्पनी का अंकेक्षण समाप्त करने के पश्चात अंकेक्षक को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना चाहिये

(A) सरकार को

(B) न्यायालय को

(C) जनता को

(D) अंशधारियों को

101. खाताबही एक पुस्तक है

(A) मूल प्रविष्टि की

(B) अन्तिम प्रविष्टि की

(C) समायोजन प्रविष्टि की

(D) संशोधन प्रविष्टि की

102. किश्त भुगतान पद्धति की दशा में, निम्न कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है ?

(A) क्रय मूल्य का भुगतान सम्मत किश्तों में किया जाता है ।

(B) किश्त के भुगतान में त्रुटि होने पर विक्रेता को अपना माल वापस लेने का अधिकार होता है ।

(C) क्रेता अपनी पुस्तकों में सम्पत्ति खाता, विक्रेता का खाता और ब्याज उचन्त खाता तैयार करता है ।

(D) सुपुर्दगी प्राप्त करने के बाद क्रेता को कभी भी सम्पत्ति को बेचने का अधिकार होता है ।

)3. अर्थशास्त्र में वितरण से तात्पर्य है

(A) श्रम का बँटवारा

(B) उत्पत्ति के साधनों के मध्य आय का बँटवारा

(C) अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों के मध्य पूँजी का बँटवारा

(D) उपभोक्ताओं के मध्य वस्तुओं का वितरण

100. After completion of the audit of a company the auditor should submit its report to the

(A) Government

(B) Court

(C) Public

(D) Shareholders

101. Ledger is a book of

(A) Original entry

(B) Final entry

(C) Adjustment entry

(D) Rectification entry

102. In case of Instalment Payment System, which one of the following statements is not true ?

(A) Payment of purchase price is made in agreed instalments.

(B) On default of payment of instalment, seller has a right to take back the goods.

(C) Purchaser prepares Assets Account, Seller's Account and Interest Suspense Account in his books.

(D) Purchaser has right to sell the asset at any time after receiving the delivery.

103. In economics, distribution means

(A) Distribution of labour

(B) Distribution of income among factors of production

(C) Distribution of capital among the three sectors of economy

(D) Distribution of goods among consumers

104. प्रबन्धन का सार है

(A) नियोजन

(B) संगठन

(C) समन्वयन

(D) नियन्त्रण

105. एकाधिकारी अपने उत्पादन को उस बिन्दु पर उत्पन्न करके और बेचकर अपने लाभ को अधिकतम करता है जहाँ उत्पाद का/की

(A) सीमान्त आगम सीमान्त लागत से अधिक होता है

(B) सीमान्त लागत और सीमान्त आगम दोनों बराबर होते हैं

(C) सीमान्त लागत सीमान्त आगम से अधिक होती है

(D) सीमान्त आगम औसत आगम से अधिक होता है

106. निम्नलिखित में से कौन-सा समन्वय का एक तत्व नहीं है ?

(A) सहयोग

(B) अभिप्रेरणा

(C) पारस्परिक समझ

(D) सम्प्रेषण

107. संरक्षण शुल्क का मुख्य उद्देश्य है

(A) उपभोक्ताओं के लाभों को संरक्षित करना

(B) सरकार के राजस्व में वृद्धि करना

(C) स्वदेशी उद्योगों को संरक्षित करना

(D) आयातकों से भुगतान की वसूली में निर्यातकों को सहायता करना

104. The essence of management is

(A) Planning

(B) Organising

(C) Co-ordinating

(D) Control

105. The monopolist maximises profit by producing and selling their output at that point on which its

(A) Marginal revenue is greater than marginal cost

(B) Marginal cost and marginal revenue both are equal

(C) Marginal cost is greater than marginal revenue

(D) Marginal revenue is greater than average revenue

106. Which one of the following is not an element of co-ordination ?

(A) Co-operation

(B) Motivation

(C) Mutual understanding

(D) Communication

107. The main objective of safeguard duty is

(A) To protect the benefits of consumers

(B) To increase Government Revenue

(C) To protect the indigenous industries

(D) To assist exporters in realization of payment from importers

108. उप-पट्टे की दशा में पट्टादाता द्वारा अर्जित अधिकार शुल्क क्रेडिट किया जाता है
(A) उप-पट्टा खाते में
(B) लाभ-हानि खाते में
(C) लघुकार्य राशि खाते में
(D) प्राप्य अधिकार शुल्क खाते में

109. साख नियन्त्रण की परिमाणात्मक तकनीकों में निम्नलिखित तकनीक को सम्मिलित नहीं किया जाता
(A) खुले बाजार की कार्यवाही
(B) परिवर्तनशील नकद कोष अनुपात
(C) साख की सीमा का निर्धारण
(D) बैंक दर नीति

110. हॉथोर्न परीक्षण किये गये थे
(A) जार्ज एल्टन मेयो द्वारा
(B) कीथ डेविस द्वारा
(C) मैकग्रेगर द्वारा
(D) एफ.डब्लू. टेलर द्वारा

111. पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत एक फर्म असामान्य (सूपरनॉर्मल) लाभ अर्जित कर सकती है
(A) अल्पकाल में (B) दीर्घकाल में
(C) कभी नहीं (D) सदैव

112. साझेदारी संलेख में वर्णित प्रावधानों को क्रियान्वित करने के लिये फर्म द्वारा बनाया जाता है
(A) लाभ-हानि समायोजन खाता
(B) लाभ-हानि विनियोजन खाता
(C) पुनर्मूल्यांकन खाता
(D) लाभ-हानि खाता

108. In case of sub-lease royalty earned by the lessor is credited to
(A) Sub-lease Account
(B) Profit and Loss Account
(C) Shortworkings Account
(D) Royalty Receivable Account

109. Under quantitative techniques of credit control following technique is not included
(A) Open Market Operations
(B) Variable Cash Reserve Ratio
(C) Rationing of Credit Limit
(D) Bank Rate Policy

110. Hawthorne experiments were carried out by
(A) George Elton Mayo
(B) Keith Davis
(C) McGregor
(D) F.W. Taylor

111. Under perfect competition a firm may earn supernormal profit in
(A) Short run (B) Long run
(C) Never (D) Always

112. In order to implement the provisions of partnership deed, the firm prepares
(A) Profit and Loss Adjustment Account
(B) Profit and Loss Appropriation Account
(C) Revaluation Account
(D) Profit and Loss Account

113. 28 मार्च, 2019 को आग लगने से ₹ 10,000 के मूल्य का रहतिया नष्ट हो गया। बीमा कम्पनी ने पूरा दावा स्वीकार कर लिया। 31 मार्च, 2019 को अन्तिम खाते बनाते समय उसे दिखाया जायेगा

(A) केवल व्यापारिक खाते में
(B) केवल लाभ-हानि खाते में
(C) व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाते दोनों में
(D) व्यापारिक खाते एवं आर्थिक चिट्ठे दोनों में

114. किराया क्रय पद्धति के अन्तर्गत क्रेता व विक्रेता के मध्य सम्बन्ध होता है

(A) देनदार व लेनदार का
(B) बंधक रखने व बंधक रखवाने वाले का
(C) निक्षेपी एवं निक्षेपगृहीता का
(D) ऋणदाता एवं ऋणी का

115. एक साझेदारी फर्म में एक साझेदार मि. X प्रत्येक माह के अन्त में रु. 2,000 आहरित करते हैं। ब्याज की दर 5% है। वर्ष के अन्त में ब्याज की राशि होगी

(A) रु. 1,200 (B) रु. 600
(C) रु. 550 (D) रु. 650

116. अंकेक्षण अनिवार्य है

(A) न्यासों के लिए
(B) संयुक्त स्कन्ध कम्पनियों के लिए
(C) एकल स्वामित्ववाली इकाई
(D) साझेदारी फर्म के लिए

117. परिवर्तनशील अनुपातों के नियम में यह मान लिया जाता है कि

(A) जब सीमान्त लागत घटती है, तो कुल उत्पादन घटेगा
(B) जब सीमान्त उत्पादन गिरता है, तो उपयोगिता अधिकतम होती है
(C) उत्पत्ति के कुछ साधन स्थिर होते हैं
(D) जब सीमान्त उत्पादन गिरता है, तो कुल उत्पादन अधिकतम होता है

113. On 28th March, 2019 stock worth ₹ 10,000 was lost by fire. The insurance company admitted full claim. On 31st March, 2019 while preparing Final Accounts, it will be shown

(A) Only in Trading Account
(B) Only in Profit and Loss Account
(C) Both in Trading and Profit and Loss Account
(D) Both in Trading Account and Balance Sheet

114. Under Hire Purchase System the relationship between buyer and seller is

(A) Debtor and creditor
(B) Pawner and pawnee
(C) Bailor and bailee
(D) Lender and the borrower

115. Mr. X a partner in a partnership firm withdraws Rs. 2,000 at the end of each month. Rate of interest is 5%. Interest on drawings at the end of the year will be

(A) Rs. 1,200 (B) Rs. 600
(C) Rs. 550 (D) Rs. 650

116. Auditing is mandatory for

(A) Trusts
(B) Joint Stock Companies
(C) Sole Proprietorship Unit
(D) Partnership Firm

117. The law of variable proportions assumes

(A) When marginal cost falls, total production will decrease
(B) Utility is maximised when marginal production falls
(C) Some factors of production are fixed
(D) When marginal production falls, total production is maximum

118. ग्रेशम का नियम स्पष्ट करता है कि
(A) नयी मुद्रा पुरानी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है
(B) अच्छी मुद्रा बुरी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है
(C) बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है
(D) पत्र मुद्रा धातु मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है

119.

| Class | 10 – 25 | 25 – 40 | 40 – 55 |
|---|---|---|---|
| f | 6 | 20 | 44 |
| Class | 55 – 70 | 70 – 85 | |
| f | ? | 3 | |

यदि उपरोक्त श्रेणी का बहुलक 48.6 है, तो अज्ञात आवृत्ति होगी
(A) 29 (B) 32
(C) 26 (D) 13

120. खाता बही एक ऐसी लेखा पुस्तिका है जिसमें
(A) केवल वास्तविक खाते खोले जाते हैं
(B) केवल वास्तविक और व्यक्तिगत खाते खोले जाते हैं
(C) सभी वास्तविक, व्यक्तिगत और नाम मात्र खाते खोले जाते हैं
(D) केवल व्यापार एवं लाभ-हानि खाता खोला जाता है

121. कोई मद तब सार्थक मानी जाती है जब यह
(A) वास्तविक लेखा से सम्बन्धित हो
(B) कच्चे माल से सम्बन्धित हो
(C) उपयोगकर्ता के लिए महत्वपूर्ण हो
(D) उपर्युक्त सभी

118. The Gresham's law specifies that
(A) New money drives old money out of circulation
(B) Good money drives bad money out of circulation
(C) Bad money drives good money out of circulation
(D) Paper money drives metallic money out of circulation

119.

| Class | 10 – 25 | 25 – 40 | 40 – 55 |
|---|---|---|---|
| f | 6 | 20 | 44 |
| Class | 55 – 70 | 70 – 85 | |
| f | ? | 3 | |

If the mode of the above distribution is 48.6, then the missing frequency will be
(A) 29 (B) 32
(C) 26 (D) 13

120. Ledger is an accounting book in which
(A) Only Real Accounts are opened
(B) Only Real and Personal Accounts are opened
(C) All the Real, Personal and Nominal Accounts are opened
(D) Only Trading and Profit and Loss Accounts are opened

121. An item is considered material if it
(A) relates to real account
(B) relates to raw material
(C) is significant for the users
(D) all of the above

122. निम्न में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है ?

(A) लेखांकन प्रमाप-26 के अनुसार केवल क्रय की गई ख्याति का लेखा ही लेखा पुस्तकों में किया जाता है ।

(B) स्वनिर्मित ख्याति का समायोजन साझेदारों के पूँजी खातों के माध्यम से किया जाएगा ।

(C) ख्याति एक अमूर्त सम्पत्ति है ।

(D) ख्याति एक काल्पनिक सम्पत्ति है ।

123. रेपो दर से तात्पर्य है

(A) वह दर जिस पर व्यापारिक बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेते हैं

(B) वह दर जिस पर व्यापारिक बैंक भारतीय रिजर्व बैंक को उधार देते हैं

(C) वह दर जिस पर व्यापारिक बैंक ग्राहकों को उधार देते हैं

(D) वह दर जिस पर व्यापारिक बैंक ग्राहकों से उधार लेते हैं

124. पट्टेदार की पुस्तकों में वसूल न हुयी लघुकार्य की राशि को हस्तान्तरित किया जाता है

(A) अधिकार शुल्क खाते में

(B) न्यूनतम किराया खाते में

(C) पट्टादाता के खाते में

(D) लाभ-हानि खाते में

125. निम्नलिखित में से कौन-सी किराया क्रय पद्धति की विशेषता नहीं है ?

(A) मूल्य का भुगतान किस्तों में होता है

(B) माल का कब्जा तुरन्त सौंप दिया जाता है

(C) चूक होने पर बिक्रेता माल वापिस ले सकता है

(D) स्वामित्त्व का हस्तान्तरण तुरन्त हो जाता है

122. Which one of the following statements is not correct ?

(A) As per AS-26 only purchased goodwill to be recorded in the books of accounts.

(B) Self generated goodwill will have to be adjusted through Partners' Capital Accounts.

(C) Goodwill is an intangible asset.

(D) Goodwill is a fictitious asset.

123. Repo rate means

(A) The rate at which commercial banks borrow money from RBI

(B) The rate at which commercial banks lend money to RBI

(C) The rate at which commercial banks lend money to customers

(D) The rate at which commercial banks borrow money from customers

124. In the books of lessee the unrecouped amount of shortworkings is transferred to

(A) Royalty Account

(B) Minimum Rent Account

(C) Lessor's Account

(D) Profit and Loss Account

125. Which of the following is not a feature of the Hire Purchase System ?

(A) Price is paid in instalments

(B) Possession is given immediately

(C) On default the seller has a right to repossess the goods

(D) Ownership is transferred immediately